## ऐतिहासिक बजट से करनाल को मिलेगी नई पहचान

■ उद्योग जगत ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट, आयुष अस्पताल व डीयर पार्क जैसी घोषणाओं का स्वागत

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत बजट का कृषि उपकरण मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन के प्रधान रविंद्र ढल और महासचिव इंद्रपाल सिंह ने स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि बजट में करनाल के लिए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट, हसनपुर में डीयर पार्क, आयुष अस्पताल और युवाओं के लिए हॉस्टल जैसी घोषणाएं क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगी। डीयर पार्क बनने से वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हरियाणा को आर्थिक रूप से अग्रणी बनाएगा। बजट में युवाओं को उद्यमी बनाने और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे नए उद्योग स्थापित होंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



बजट घोषणाओं का स्वागत करते उद्योग संगठन के प्रतिनिधि।

## मशाल जुलूस निकालकर बिजली कर्मचारियों ने उठाई पुरानी पेंशन व नियमितीकरण की मांग

**करनाल।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करने तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर शहर में मशाल जुलूस निकाला। कर्मचारियों ने एकजुट होकर विभाग व सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। सर्कल सचिव टीएस करनाल गुरमीत सिंह और सर्कल सचिव ऑपरेशन करनाल ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने राज्य के सभी बिजली कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग दोहराई। उन्होंने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की पुनः समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि विभाग के कुशल संचालन के लिए तकनीकी दक्षता और अनुभव को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।




करनाल में मांगों को लेकर मशाल जुलूस निकालते एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी।



**खबर संक्षेप**

## जनकल्याण का संतुलित दस्तावेज है बजट : विज

**पानीपत।** हरियाणा में बजट सत्र के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत विजन को साकार करने की दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की सराहना करते हुए पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने कहा कि यह बजट विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण का संतुलित दस्तावेज है। विकसित हरियाणा का यह बजट 2.30 लाख करोड़ का बजट नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास की रफ्तार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जीडी गोयंका स्कूल में फाग खेला

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में होली के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने होली और राधा कृष्ण के गीत एवं कविताएं प्रस्तुत की। बच्चों ने ब्रज में होली है, होली खेले रघुवीरा आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सबने मिलकर फूलों संग होली भी खेली और खूब मस्ती की। प्राचार्या रेणुका अनेजा ने बच्चों को होली व फाग की शुभकामनाएं दी और बच्चों को प्रेमभाव से और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का संदेश दिया।

## हरियाणा को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला है बजट

**पानीपत।** हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने वर्ष 2026.27 के राज्य बजट को प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक दस्तावेज करार देते हुए कहा कि यह बजट ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के भविष्य को नई ऊर्जा देगा। जिला सचिवालय सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने विस्तार से बजट की प्रमुख घोषणाओं की जानकारी दी। इस मौके पर शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी संबोधित किया व बजट को पानीपत के लिए बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

# जमीन से जुड़े संजय को भाजपा ने बनाया अपना उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विकास चौधरी



भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी संजय भाटिया को बधाई देते हुए उनके समर्थक।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बाल स्वयं सेवी के रूप में देश, मानवता व समाज की सेवा करने वाले संजय भाटिया को भाजपा हाईकमान ने हरियाणा से राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया है। वहीं, संजय का राज्यसभा में जाना लगभग तय माना जा रहा है। इससे पहले संजय भाटिया लोकसभा से सांसद रह चुके है। सन-2019 में संजय भाटिया, करनाल लोकसभा से देश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दूसरे सांसद निर्वाचित हुए थे। वर्तमान में संजय भाटिया, पश्चिमी बंगाल में पार्टी के 35 विधानसभा सीटों के प्रभारी के रूप में पार्टी के लिए कार्य कर रहे है। किसान परिवार से संबंध रखने वाले संजय भाटिया का भाजपा में करियर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुआ था। संजय ने आईबी कॉलेज छात्र संघ के सचिव पद का चुनाव लडा और हार का सामना किया। भाटिया, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष व बाद में प्रदेशाध्यक्ष रहे। पानीपत नगर निगम के अध्यक्ष रहे और इनेलो की सरकार से टकरा कर प्रदेश की राजनीति में अपना दर्ज करवाया। इधर, संजय ने भाजपा किसान मोर्चा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे और भाजपा के पानीपत जिलाध्यक्ष व बाद में प्रदेश महामंत्री रहे। सन-2004 व 2009 में भाजपा के प्रत्याशी के रूप में पानीपत विधानसभा से लडे और हार का स्वाद चखा। वहीं, सत्ता आने पर भाजपा ने संजय को हरियाणा खादी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया। वहीं लंबें समय तक संगठन में रहे संजय को खादी बोर्ड की अध्यक्षी नहीं भायी और वे इस्तीफा देकर फिर भाजपा संगठन में कार्य करने ले। इधर, मोदी टीम के सदस्य संजय को भाजपा हाईकमान ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्व उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया। संजय की अगुवाई में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में जीत का परमच लहराया। इधर, संजय ने असम, जम्मू व कश्मीर में भी भाजपा के लिए कार्य किया। वहीं, गत वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में करनाल सीट का पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए त्याग कर दिया और एक बार फिर पार्टी संगठन में चले गए। इधर, संजय के जनता व पार्टी के सेवाभाव को देखते हुए टीम मोदी के सदस्य संजय को भाजपा हाईकमान ने हरियाणा से राज्यसभा का प्रत्याशी बना। संजय के प्रत्याशी बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड गई और उनके निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

# मदर टेरेसा स्कूल मे उत्साह के साथ मनाया गया होली का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। मदर टेरेसा स्कूल समौरा इंद्री में होली का त्योहार मनाते बच्चे व अध्यापक।

मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल समौरा इंद्री में होली का त्योहार बड़े ही उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। पूरे स्कूल में रंगों और खुशियों का माहौल था। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण और गोपियों की सुंदर वेशभूषा में आए। बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहने हुए थे और उनकी मुस्कान से पूरा वातावरण खुशियों से भर गया। होली के अवसर पर स्कूल में विशेष गतिविधियां करवाई गईं। बच्चों ने आपस में गुलाल लगाकर होली खेली और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। सभी ने सुरक्षित और बिना पानी बर्बाद किए होली मनाई। इस मौके पर स्कूल के वाइस चेयरमैन समीर गुप्ता ने सभी बच्चों को संदेश दिया कि होली का त्योहार हमें प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है, इसलिए हमें इसे आपसी प्यार और सम्मान के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

## होली का दहन कर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी

# होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक

**होली का संबंध भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



होलिका दहन समिति की ओर से घासी राम ट्रस्ट में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधानसभा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। शाम के समय हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व उसके सहयोगियों ने होली का दहन कर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हिंदुओं का एक प्रमुख और आनंदमय त्योहार है, जिसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है। यह फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली आपसी प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली का संबंध भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि असुर राजा हिरण्यकशिपु अपने पुत्र प्रह्लाद की भगवान विष्णु भक्ति से नाराज़ था। उसने बहन होलिका की सहायता से प्रह्लाद को आग में जलाने की योजना बनाई। लेकिन भगवान की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका जलकर भस्म हो गई।



कमल कांत धीमान ने मंच संचालन किया,होलिका दहन समिति के वरुण राणा, मोनी राणा, सोनू सैन, बिट्टू राणा,इस अवसर पर बैकवर्ड सेल की पूर्व चेयरमैन निर्मला बैरागी, नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी गुप्ता, संदीप गुप्ता, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, जय भगवान सैन व शहर के पार्षद व गणमान्य सदस्य मौजूद रहे,,इस मोके पर पत्रकारों को भी पटका पहनाकर सम्मान किया।



करनाल। एक शाम होली के नाम' कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

# होली की पूर्व संध्या पर सजी रंगारंग महफिल

- गीत-संगीत और हास्य से सराबोर रही 'एक शाम होली के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

होली की पूर्व संध्या पर एमबीकेसी द्वारा 'एक शाम होली के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर मनिंदर सिंह बब्बू ने की।

कार्यक्रम में पारंपरिक होली गीतों के साथ हास्य का तड़का भी लगाया गया। मनिंदर सिंह बब्बू ने कहा कि त्योहार जीवन में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं। होली आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देती है। मौके पर अरविंदर सिंह, अरुण थापर, रशिम थापर, कंवल अरोड़ा, रजनी अरोड़ा, नरेश दत्त, शिखा दत्त, विनय छाबड़ा, गीता छाबड़ा, दविंदर अरोड़ा, सुनील भसीन, विनोद भाटिया, रेनू भाटिया, मोहिंदर शर्मा, अंजलि शर्मा, अनुपमा त्रेहान, किरण रावल, सुनीता कुकरेजा, मंजू सरदाना, उपमा राजपाल, मोहन थरेजा, कविता थरेजा, अमरजीत भठला, जसपाल बठला, जगमोहन, इंद्रजीत, सुखमन सिंह, जसलीन कौर, राम प्रकाश, राजेश योगी, अनीता गुप्ता, रंजीत गिल, विक्रम कटारिया, सुनीता, रुपिंदर कौर सहित अनेक लोगों ने प्रस्तुति दी।

# भाजपा मधुबन मंडल की कार्यकारिणी की हुई मासिक बैठक

- 9 व 10 मार्च को मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



**घरौंडा।** कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग की पूर्व चैयरपर्सन निर्मला बैरागी। फोटो : हरिभूमि

विधानसभा के गांव कम्बोपुरा में मंगलवार को मधुबन मंडल की कार्यकारिणी व शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक पिछड़ा वर्ग की पूर्व चैयरपर्सन निर्मला बैरागी द्वारा ली गई। जिसमें मधुबन मण्डल के पर्यवेक्षक अजय शर्मा, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आगामी 9 व 10 मार्च को मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सही तरीके से हो उसके लिए कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित कर जिम्मेदारी सौंपी गई। निर्मला बैरागी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि कम्बोपुरा में कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचीबद्ध कार्यकर्ताओं का रहेगा जिनकी हाजरी समय पर डिजिटल तरीके से एप द्वारा लगेगी। प्रशिक्षण में सात स्तर रहेंगे जिनमें कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। गरीब व महिलाओं की आमदन बढ़े, सरकार गंभीर है। महिलाएं एक-एक पैसे का सदुपयोग करती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि गांव में जाकर जानकारी देनी चाहिए कि प्रदेश सरकार द्वारा आज युवाओं को मेरिट पर नौकरियां दी जा रही हैं। हमें जड़ से जुड़कर आगे बढ़ना होगा। गरीब की चिंता करनी होगी। उन्होंने क्षेत्र की तरक्की में विधायक हरविंदर कल्याण व मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच-सबका साथ-सबका विकास, घरौंडा क्षेत्र में पूरी तरह से चरितार्थ हुई है। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र ने की। उन्होंने सभी अतिथियों को स्वागत व धन्यवाद किया।

**बैठक में ये मौजूद रहे**

बैठक में महामंत्री सतबीर गोस्वामी,मीडिया प्रभारी संदीप लोहट, सुनील मोहर, राजबाला,अशोक पांचाल, प्रवेश चौहान, मनजीत वशिष्ठ, नरेश गोस्वामी,छोटू राम, रामचरण, रोशन लाल,श्याम लाल शर्मा, मनीश कुमार,सुनील कबीर पंथी, सुरेश कुमार व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## फाग पर हुडदंग नहीं होने देगी पुलिस

**पानीपत।** पानीपत में बुधवार को फाग खेला जाएगा। वहीं, फाग वाले दिन किसी भी अप्रिय हालात से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने होली के त्योहार के मद्देनजर जिले में कानून एवं व्यवस्था व सांप्रदायिक सद्भावना को बेहतर बनाए रखने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से सुव्यवस्थित करने व किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटने व आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में हुड़दंग बाजी करने वालों से सख्ती से निपटने के विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए हैं। प्रत्येक थाना में चार-चार पैदल गश्त पार्टी बनाकर नियुक्त की है।

# चैतन्य महाप्रभु की बाल लीलाओं का वर्णन किया

**पानीपत।** पानीपत के श्याम बाग बैंक्वेट हाल में इस्कॉन पानीपत के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गौर कथा करते हुए गोविंद कृष्ण दास ने चैतन्य महाप्रभु की महिमा, उनके जन्मस्थान और आगामी गौर पूर्णिमा उत्सव के बारे में विस्तार से उपस्थित भक्त को बताए गया और चैतन्य महाप्रभु और नवद्वीप धाम की महिमा और जन्मस्थान और महत्व के बारे में बताया गया कि जिस प्रकार श्री कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा और श्री राम की अयोध्या है, उसी तरह चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य बंगाल के नवद्वीप धाम में हुआ था। वहीं, नवद्वीप का अर्थ है नौ द्वीपों का समूह। और उपस्थित सभी भक्तों को गौर पूर्णिमा उत्सव के बारे में भी बताया गया कि कल गौर पूर्णिमा है, जो चैतन्य महाप्रभु के अवतार का 540 वां वर्ष है। इस अवसर पर श्याम बाग सेक्टर 25 हुडा में भगवान का अभिषेक, गौर आरती और फूलों की होली का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हुए चैतन्य महाप्रभु की बाल लीलाओं का व उनके नामकरण की कथाओं को सुनाया गया। इसमें उनकी माता शची देवी के साथ उनकी चमत्कारिक लीलाओं का भी उल्लेख किया गया तथा महाप्रभु की दयालुता के बारे में बताते हुए बताया कि वह श्री कृष्ण से भी अधिक दयालु है। वे गोलोक से कृष्ण प्रेम का अनमोल धन नीचे लाए है और उन्होंने बिना किसी की योग्यता देखे, इसे सभी को मुफ्त में बांट दिया व कथा उपरांत संकीर्तन किया गया व उसके बाद सभी को सुंदर प्रसादम वितरित किया। इस अवसर पर इस्कॉन पानीपत के अध्यक्ष सुंदर लाल चुघ, आशु गुप्ता अशोक गोयल, देवेंद्र महाजन, पंकज मेंहदीरत्ता, अरविंद सिंघल, मोहन बंसल, विशाल गोयल, भुवन चुघ आदि मौजूद रहे।



**शिक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा हरियाणा: ढांडा**

# ज्ञान व कौशल का अग्रणी राज्य बनेगा हरियाणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार के बजट 2026-27 को शिक्षा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि यह बजट प्रदेश को ज्ञान, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी बजट विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए हरियाणा को देश के अग्रणी शिक्षित राज्यों की श्रेणी में स्थापित करेगा। शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि बजट में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं तथा पुस्तकालयों के विस्तार के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित शिक्षा का बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को भी शहरी स्तर की सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, ई-लर्निंग संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने और इंटरनेट कनेक्टिविटी सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त बजट निर्धारित किया गया है। ढांडा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा परिणामों में सुधार करना नहीं है, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। बजट 2026-27 में कौशल विकास, खेल गतिविधियों, नवाचार और तकनीकी शिक्षा को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है, ताकि हमारे युवा आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

## माकपा ने इजराइल के पीएम का पुतला जलाया

**पानीपत।** माकपा ने ईरान पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए विरोध स्वरूप अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और इजराइल के पीएम नेतन्याहू का पुतला जला कर प्रदर्शन किया। पार्टी जिला सचिव डॉ. सुरेंद्र मलिक व राज्य कमेटी सदस्य का. सुनील दत्त ने संयुक्त रूप से कहा कि माकपा, ईरान पर हुए हमले को ईरान की राष्ट्रीय संप्रभुता, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सभी अंतरराष्ट्रीय संधियों का घोर उल्लंघन मानती है। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के साथ चल रही वार्ताओं की अनदेखी करते हुए यह हमले किए हैं। अमेरिका एक आक्रामक दादागिरी करने वाले देश की तरह व्यवहार कर रहा है, जो अपनी मर्जी से संप्रभु देश पर हमला कर रहा है। ईरान पर यह हमला वेनेजुएला पर उसके हालिया हमले और कैब को दी गई धमकियों के बाद हुआ है। विरोध कार्रवाई में राजपाल गाहल्याण, दिलावर सिंह राठी, जय भगवान, नवीन सपड़ा, कर्मवीर, एसए खान आदि शामिल रहे।

# विद्यार्थियों ने फूलों की होली खेल सद्भावना का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। शिविर का विषय "मेरे भारत के लिए युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा" रहा। बुधवार को कैंप में कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, सलाद तथा पेय पदार्थ जैसे कोल्ड कॉफी और मोजिटो आदि तैयार किए। इस प्रतियोगिता में टीम अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, डॉ. आनंद कुमार एनएसएस समन्वयक, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. जगदीश एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा दुदेजा, आस्था गुप्ता तथा एनएसएस समन्वयक पंकज ने मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

**नृत्य प्रस्तुत किया**

कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य से हुई। वंशिका, अंजलि, कशिश, रिंकी, संजना, मन्नत, साक्षी एवं सिमरन ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अमन एवं कुलदीप तथा वंशिका एवं नितीश ने शिविर के अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद सात दिनों की गतिविधियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। जबकि अपने वैदिक उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि जीवन में निरंतर नई बातें सीखते रहना चाहिए। कैंप के दोपहर सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा होली उत्सव का आयोजन किया गया। और फूलों से होली खेलकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इस प्रकार सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन उल्लास, प्रेरणा और राष्ट्रीय भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



